## खबर संक्षेप

### एक ही फंदे पर गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड ने लगाई फांसी

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के जंगल में गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड ने एक ही फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह दोनों की लाश जंगल में पेड़ से लटकती मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मामला छाल थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान भुंडीबाहरी निवासी रामकुमार अगरिया (25) और परमेश्वरी अगरिया (20) के रूप में हुई है। युवक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी काम करता था। 5-6 माह से दोनों शादी करने की बात कहते थे। शुरुआती जांच में मामला प्रेम संबंध से जुड़ा बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह ग्राम एडूकला के जंगल में ग्रामीण महुआ बीनने गए थे। इसी दौरान उन्होंने पेड़ पर युवक और युवती को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। ग्रामीणों ने तुरंत छाल पुलिस को सूचना दी। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि, सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के साथ जांच शुरू कर दी। शवों को नीचे उतारकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक रामकुमार अगरिया किसी कंपनी में मजदूरी करता था और वह परमेश्वरी अगरिया से शादी करना चाहता था।

### आदतन आरोपी बंशीलाल यादव जिलाबदर

**सारंगढ़।** जिला दंडाधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने आरोपी बंशीलाल यादव पिता झालर यादव निवासी सिंघनपुर, थाना कोसीर को जिलाबदर किया है। वर्ष 2010 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त और अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2014 में मृतक प्रताप टंडन का अपहरण, हत्या के अलावा छेड़छाड़, अवैध शराब बेचने पर कुल 5 बार विभिन्न अपराध में एफआईआर दर्ज और 7 बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 क ख के तहत जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं समीपवर्ती जिला रायगढ़, सक्ती, जांजगीर चांपा, बलौदाबाजार भाटापारा व महासमुंद की सीमाओं में 1 वर्ष की काल अवधि के लिए बंशीलाल यादव को इन सभी जिलों की सीमाओं में निष्कासित अवधि तक किसी भी दशा में न्यायालय ने पूर्व अनुमति प्राप्ति के बिना प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है।

### बिजली की आख मिचौली से परेशान कोसीरवासी

**कोसीर।** कोसीर में सब स्टेशन होते हुए भी बिजली की समस्या आया दिन देखने को मिल रही है। छोटी से छोटी समस्या को लेकर विभाग गंभीर नहीं है और थोडी सी भी आन्धी हवा में घंटो तक बिजली काट दी जाती है। विभागीय अधिकारी स्टाफ की कमी बता कर पल्ला झाड़ लेते हैं। बुधवार को भी यही समस्या बनी रही। कोसीर में सब स्टेशन होते हुए बिजली की समस्या समझ से परे है। बुधवार को पूरे दिन भर लाइट नहीं रही। लोगों को बैंक से लेकर छोटे से छोटे कार्य के लिए सेवा केन्द्र के चक्कर लगाने पड़े।

### युवतियों से छेड़खानी चार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** ऑपरेशन "तलाश" में महिला थाना ने बड़ी कार्रवाई की है। सरेराह युवती से छेड़खानी मामले में 4 फरार आरोपियों की गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी युवतियों का पीछा कर रास्ता रोककर अश्लील हरकतें करते थे। पुलिस के मुताबिक मामले में एक आरोपी नरेन्द्र महावर को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा जा चुका है। एसएसपी शशि मोहन सिंह के अनुसार ऑपरेशन तलाश आगे भी जारी रहेगा। पुलिस के मुताबिक 10 फरवरी 2026 को एक युवती ने महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 फरवरी की रात करीब 11 बजे वह अपनी ममेरी बहन के साथ कार से रायगढ़ दवाई लेने जा रही थी। चांदमारी रोड पर कार रोककर दोनों आवारा कुत्तों को बिस्किट खिला रही थीं। तभी पीछे से एक नीले रंग की ग्रैंड विटारा कार में सवार पांच युवक पहुंचे और अशोभनीय टिप्पणियां करते हुए गंदे इशारे करने लगे। युवतियां वहां से निकल गईं, लेकिन आरोपी उनका पीछा करते हुए रियापारा तिराहा चौक के पास उनकी कार को ओवरटेक कर सामने गाड़ी अड़ा दिए। एक युवक कार से उतरकर अश्लील हरकत करते हुए अपना नाम प्रदीप पटेल बताया, जबकि उसके अन्य साथी भी लगातार अभद्र टिप्पणी करते रहे।


## कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को ईऑफिस में फ़ाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

# एक महीने में पूरा करना होगा स्कूली बच्चों का आधार सीडिंग, आंगनबाड़ी भवन 30 जून तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

सारंगढ़। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने समय सीमा की बैठक में जिले के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को ईऑफिस में प्राथमिकता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। स्कूली बच्चों का आधार सीडिंग करने के लिए 30 अप्रैल तक जिला शिक्षा अधिकारी को कलेक्टर ने निर्देश दिए।

जल संरक्षण अभियान में मनरेगा और वन विभाग से चेक डेम, नाला बधान, धान के बदले अन्य फसल पर कलेक्टर ने जोर दिया। पौधरोपण के साथ साथ फेंसिंग कार्य को बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने जिले के वन अधिकारी को निर्देशित किया और आगामी दिनों में आयोजित शिविर की रुपरेखा बनाया, जिसके अनुसार 16 अप्रैल को अपरान्ह में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर होगा, वहीं अब जिले के सारंगढ़ और बिलाईगढ़ अनुविभाग क्षेत्र में माह में यह शिविर 2 बार आयोजित होगा। कलेक्टर ने उस गांव क्षेत्र में सभी विभाग के अधिकारी और उस क्षेत्र में पदस्थ कर्मचारी को शिविर में अपडेट जानकारी के साथ उपस्थित रहने और दोपहर से उस क्षेत्र के ऑफिस आदि को निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया।

अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

### फील्ड में रहेंगे सभी अधिकारी

कलेक्टर ने पेयजल उपलब्धता के लिए जल जीवन मिशन के सभी निर्माण कार्यों का समीक्षा किया और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वहीं 3 माह के राशन भंडारण के लिए अतिरिक्त सरकारी भवन, सामुदायिक भवन का उपयोग करने के लिए अधिकारियो को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी सीएमओ अपने फील्ड में नियमित निरीक्षण करें और बरसात से शहर के जगह जगह भरे पानी, नाला, नाली, स्ट्रीट लाईट आदि कार्य को स्वतः पूरा करे। साथ ही स्वनिधि योजना का भी लाभ हितग्राहियों को देने के लिए गंभीरता और प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने नगरीय क्षेत्र में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण को भी जल्दी से 30 जून तक गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

### सूर्य घर योजना और रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर ध्यान

कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने पीएम सूर्य घर योजना और रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य के लक्ष्य के अनुरूप सभी विभागों को कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव से पीएम किसान सम्मान निधिए पीएम अन्नदाता आई संरक्षण अभियान प्राइस सपोर्ट स्कीम आशा, खाद, बीज भंडारण की जानकारी ली। जिलाधीश डॉ संजय कन्नौजे ने जिले में एससीए एसटीए ओबीसी विकास प्राधिकरण क्षेत्र के लंबित कार्यों का समीक्षा करते हुए हर हाल में कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, वहीं अपूर्ण कार्यों में संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई करने के लिए सीईओ को निर्देशित किया। उन्होंने जिले के 17 गांव में हुए धरती आबा के विकास कार्यों को आदिवासी बाहुल्य गांवों में भी करने के निर्देश दिए।

# बरहागुड़ा चौक बना मौत का जाल, डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



नगर पंचायत चंद्रपुर के पास स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 153 प्रस्तावित 216 पर बरहागुड़ा चौक इन दिनों लगातार हो रहे हादसों के कारण चर्चा में है। इस क्षेत्र में डिवाइडर की शुरुआत बिना किसी चेतावनी संकेत, स्टॉपर या रेडियम मार्किंग के की गई है, जिससे यह स्थान दुर्घटनाओं का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। जानकारी के अनुसार एचपी पेट्रोल पंप के आगे बरहागुड़ा चौक के पास सड़क पर डिवाइडर अचानक शुरू हो जाता है।

- बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा विभाग, लापरवाही की हद पार

तेज रफ्तार से आने वाले वाहन चालकों को इसकी जानकारी पहले से नहीं मिल पाती, जिससे वाहन सीधे डिवाइडर से टकरा जाते हैं। विशेषकर रात के समय यह समस्या और गंभीर हो जाती है, क्योंकि मौके पर न तो रिफ्लेक्टर रेडियम लगे हैं और न ही स्पीड ब्रेकर या कोई चेतावनी बोर्ड। ज्ञात रहे बीती रात लगभग 1 बजे एक बड़ा हादसा होते होते टल गया, जब एक तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह घटना सड़क सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही को उजागर करती है।

### स्टॉपर, रेडियम संकेतक चेतावनी बोर्ड की मांग

स्थानीय नागरिकों और राहगीरों में इस समस्या को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को इस खतरे से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने मांग की है कि बरहागुड़ा चौक पर जल्द से जल्द स्टॉपर, रेडियम संकेतक, चेतावनी बोर्ड और स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं, ताकि भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह चौक कभी भी किसी बड़ी और जानलेवा दुर्घटना का कारण बन सकता है। प्रशासन की निष्क्रियता पर अब सवाल उठने लगे हैं और लोगों को किसी बड़ी कार्रवाई का इंतजार है।

# पुलिस ने दो नाबालिगों को जालंधर और अंबिकापुर से किया बरामद

**रायगढ़।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुम हुई दो नाबालिग बालिकाओं को पुलिस टीमों द्वारा खोजबीन कर सकुशल दस्तयाब किया गया है। दोनों ही मामलों में पीड़िताओं के कथन के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पहले मामले में थाना जूटमिल में 22 अक्टूबर 2025 को एक प्रार्थी द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के घर से बिना बताए लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी बालिका का पता नहीं चलने पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के अपराध कमांक 377/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। जांच के दौरान बालिका और संदेही युवक सनत कुमार भट्ट (20 साल) जूटमिल के बीच संपर्क की जानकारी मिलने पर पुलिस ने इस दिशा में जांच आगे बढ़ाई। लगातार प्रयास और मुखबिर तंत्र के माध्यम से दोनों के पंजाब के जालंधर में होने की सूचना मिली, जिस पर तत्काल पुलिस टीम को रवाना किया गया। टीम ने वहां पहुंचकर बालिका को आरोपी के कब्जे से सकुशल बरामद किया। बालिका के कथन, मेडिकल पर आरोपी द्वारा नागालिग बालिका का शारीरिक शोषण करना पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 87, 65 (1) बीएनएस 4. 6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



- दोनों मामलों में आरोपियों पर पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई, न्यायिक रिमांड

### बस से जामगांव फिर अम्बिकापुर ले गया

दूसरे मामले में थाना पूंजीपथरा में 25 मार्च 2026 को एक प्रार्थी ने अपनी 15 वर्षीय पुत्री के 17 मार्च की रात घर से बिना बताए लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कमांक 49/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज कर पतासाजी शुरू की। जांच के दौरान दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अंबिकापुर के खरसिंया नाका चौक के पास एक युवक के साथ नाबालिग बालिका को बरामद किया गया। पीड़िता का महिला पुलिस अधिकारी द्वारा कथन कराया गया।

# स्थगन आदेश के बावजूद भरण-पोषण केस की सुनवाई नाराज हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को किया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस बीडी गुरु ने एक पारिवारिक केस में फैमिली कोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया है। साथ ही इस केस में स्थगन आदेश के बाद भी सुनवाई कर फैसला देने पर सख्त नाराजगी जताई है।

मामले में हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के प्रेसीडिंग ऑफिसर को शोकाज नोटिस जारी कर 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है। पूरा मामला रायगढ़ फैमिली कोर्ट का है। दरअसल, इस मामले में याचिकाकर्ता ने सिविल सूट (परिवारिक विवाद) को रायगढ़ फैमिली कोर्ट से अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानांतरित करने की मांग की थी। आरोप लगाया कि कोर्ट स्टाफ और प्रतिवादी की मिलीभगत से कार्यवाही प्रभावित हो रही है, लगातार छोटी-छोटी तारीखें दी जा रही हैं। याचिकाकर्ता के दस्तावेजों में देरी की जा रही है, जिससे निष्पक्ष सुनवाई पर संदेह जाहिर किया गया। हाईकोर्ट ने 10 मार्च 2026 को इस मामले की सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता को अंतरिम राहत देते हुए सिविल सूट की कार्यवाही पर रोक (स्टे) लगा दी थी। इसके बावजूद फैमिली कोर्ट के प्रेसीडिंग ऑफिसर ने उसी दिन और 12 मार्च को भी मामले की सुनवाई की। जिसके बाद भरण-पोषण का आदेश जारी कर दिया।



- प्रेसिडिंग-ऑफिसर से 15 दिन में मांगा जवाब, पूरा मामला रायगढ़ फैमिली कोर्ट का

### स्थगन आदेश के बाद ट्रॉयल कोर्ट का अधिकार खत्म

हाईकोर्ट ने पाया कि संबंधित जज को स्टे आदेश की जानकारी थी, इसके बावजूद उन्होंने न केवल आवेदन पर आदेश पारित किया, बल्कि भरण-पोषण राशि को लेकर याचिकाकर्ता के खिलाफ टिप्पणियां भी कीं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि, जब किसी उच्च न्यायालय द्वारा कार्यवाही पर रोक लगा दी जाती है, तो निचली अदालत अपना अधिकार खो देता है। ऐसी स्थिति में ट्रायल कोर्ट को आगे की कार्यवाही करने का अधिकार नहीं रहता। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने 10 मार्च और 12 मार्च 2026 के सभी आदेशों को अवैध मानते हुए निरस्त (सेट असाइड) कर दिया और निर्देश दिया कि संबंधित आवेदन पर दोबारा कानून के अनुसार सुनवाई की जाए।

### अब ट्रांसफर याचिका का कोई औचित्य नहीं

सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के वकीलों ने बताया कि, संबंधित प्रेसीडिंग ऑफिसर का तबादला हो चुका है और नए अधिकारी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि अब ट्रांसफर याचिका का कोई औचित्य नहीं बचता, इसलिए इसे निराकृत किया जाता है। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया है कि संबंधित प्रेसीडिंग ऑफिसर से 15 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण लिया जाए कि स्टे आदेश के बावजूद उन्होंने सुनवाई क्यों जारी रखी। यह रिपोर्ट मुख्य न्यायाधीश के समक्ष प्रशासनिक पक्ष में प्रस्तुत की जाएगी।

# गैस की किल्लत से कोसी के लोग परेशान

**कोसीर।** कोसीर क्षेत्र की एकमात्र कुम्हाडी इंडियन गैस में गैस की समस्या स्पस्ट रुप से देखा जा सकता है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं से बात करने पर पता चला कि कुम्हारी इंडियन गैस क्षेत्र के लिए मुख्य आधार है जहाँ से आसानी से से क्षेत्र वासियों गैस को मिल जाता था किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होती थी। परन्तु अभी विगत कुछ महीनों से गैस की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ता चाहे घरेलु हो कमर्शिलय गैस हो लगातार गैस ऐजेंसी के चक्कर लागाने मे मजबूर नजर आ रहे है यहाँ तक की लोगों ने बताया कि बुकिंग करने के बाद भी ओटीपी नहीं मिल रहा। जिसके कारण गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है जिसके कारण लोगो की दिनचर्या परभावित हो रही साथ ही साथ लोगो को मनपसंद खाना भी नसीब नहीं हो रहा है वही दूसरी ओर शासन प्रशासन कहते नही थक रहे कि गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है घबराने की जरुरत नहीं है।

### सड़क दुर्घटना में मृतक के वारिसों के लिए 2 लाख स्वीकृत

**सारगढ़।** कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त डॉ संजय कन्नौजे ने हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना में घोर उपहति के लिए मोटर वाहन अधिनियम प्रावधानों के तहत मृतक महादेव रात्रे की पत्नी सावित्री रात्रे निवासी सुवाताल तहसील सारंगढ़ के लिए क्षतिपूर्ति के रूप में रूपये दो लाख मंजूर किया है। यह दुर्घटना ग्राम हिर्री व सुवाताल के मध्य मेन रोड पर 13 अक्टूबर 2025 को हुई थीए जिसमें महादेव रात्रे की मृत्यु अज्ञात वाहन के ठोकर मारकर भागने हिट एण्ड रन केस में हुई।

### पुलिस की घेराबंदी के बाद भी आरोपी फरार हो गया

# 6 लाख का 62 किलो गांजा जब्त ओडिसा से कार में लेकर आ रहा था

**सरिया।** अवैध गांजा परिवहन पर थाना सरिया ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ओडिसा से गांजा लेकर आ रहे स्विफ्ट डिजायर कार से 62 किलो 245 ग्राम गांजा बरामद किया है जिसकी कीमत करीब 6 लाख बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार पेट्रोलिंग के जरिए मुखबीर से सुचना मिली कि एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्र ओडी 02 बीव्ही 7653 में कुछ व्यक्ति उड़ीसा से गांजा लेकर शक्ति -जांजगीर तरफ जाने वाले है। सूचना पर ग्राम बोरिदा ,बगीचा तालाब पास मेन रोड में घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही कार का चालक कार को दूर में छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। गवाहों के समक्ष स्विफ्ट डिजायर कार की तलाशी लेने पर कार के अंदर 59 पैकेट में कुल 62 किलो 245 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। पुलिस ने इसके साथ ही एक स्विफ्ट डिजायर कार को जप्त कर अज्ञात कार चालक के खिलाफ थाना सरिया मे अपराध क्रमांक 71/2026 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रमोद यादव, सउनि मोतीलाल डनसेना, प्र.आर. विजय यादव, मोहन गुप्ता आर ,विमल जांगड़े, खेमलाल श्रवण टंडन दिलीप स्नेही, दिगंबर ,दिलीप साव, साइबर सेल से रामकुमार मानिकपुरी,दीपक मैत्री, कृष्णा डनसेना,मोतीलाल जांगड़े व समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।




## पृष्ठ 1 का शेष

### लू से बचाव ...

व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित करने को कहा गया है। नगरीय निकायों को बेघर और जोखिमग्रस्त समूहों की पहचान कर पानी और अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराने, शहरी क्षेत्रों में हरित क्षेत्र बढ़ाने तथा ताप कम करने वाले उपाय लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लू प्रभावितों के परीक्षण, ओआरएस उपलब्धता और 108-104 सेवाओं की तत्परता सुनिश्चित करेगा। श्रम विभाग बाहरी कार्यों के समय में बदलाव, मजदूरों को आइस पैक उपलब्ध कराने और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। पशु चिकित्सा विभाग पशुओं के लिए पानी, चारा, दवाइयों तथा ग्राम स्तर पर निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया है। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग राज्य-स्तरीय डैशबोर्ड तैयार कर मैसेज प्रसारित करेगा। परिवहन विभाग बस स्टैंडों पर प्राथमिक उपचार एवं समय परिवर्तन सुनिश्चित करेगा। शिक्षा विभाग स्कूलों में पेयजल, ओआरएस और समय परिवर्तन लागू करेगा। मनरेगा स्थलों पर पानी-छाया की व्यवस्था, वन विभाग द्वारा हरियाली, वन-अग्नि की रोकथाम और वन्यजीवों के लिए जलस्रोत उपलब्ध कराए जाएंगे। पर्यटन विभाग तीर्थस्थलों पर छाया और पानी की व्यवस्था करेगा। अग्निशमन विभाग आग नियंत्रण हेतु तैयारी, उपकरणों की उपलब्धता और कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित करेगा। समग्र रूप से सरकार ने नागरिकों, मजदूरों, वरिष्ठजनों और पशुओं को लू से होने वाले संभावित नुकसान से बचाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

### संत चिन्मयानंद बापू ...

सुंदर वर्णन किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा सुग्रीव से मित्रता निभाने और बाली वध के माध्यम से धर्म स्थापना का संदेश दिया गया।
सेवा, श्रद्धा और संस्कार ही सनातन धर्म की मूल भावना- उत्तरकांड के वर्णन में उन्होंने बताया कि एक धोबी की टिप्पणी के कारण भगवान श्रीराम ने माता सीता का त्याग किया। माता सीता ने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में निवास किया, जहां लव-कुश का जन्म हुआ। आगे अश्वमेध यज्ञ, लव-कुश द्वारा रामकथा गायन तथा कागभुशुंडी गरुड़ संवाद का भी विस्तार से वर्णन किया गया।अपने प्रवचन में वर्तमान समय की परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए बापू जी ने आदिवासी क्षेत्रों में हो रहे धर्मांतरण पर चिंता व्यक्त की और सनातन धर्म की रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सेवा, श्रद्धा और संस्कार ही सनातन धर्म की मूल भावना है। साथ ही उन्होंने मांस, मदिरा एवं नशे से दूर रहने को ही सच्ची "दक्षिणा" बताया।उन्होंने श्रद्धालुओं को नियमित साधना का मार्ग बताते हुए प्रति मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार सुंदरकांड पाठ तथा प्रतिदिन हनुमान चालीसा के पाठ का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे जीवन के संकट, रोग एवं दोष दूर होते हैं और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।बापू जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राम अनंत हैं और उनकी कथा भी अनंत है। कलयुग में रामकथा का श्रवण, मनन और पालन ही जीवन को सफल बनाने का सर्वोत्तम मार्ग है। समापन अवसर पर विधिवत पूर्णाहुति की गई।

# कोसमकुंडा में राम नाम की गूंज, वार्षिक भजन मेला में आस्था का उमड़ा जनसैलाब

**सरसीवा।** अखिल भारतीय रामनामी महासभा के तत्वावधान में प्रस्तावित भव्य वार्षिक भजन मेला 2026-27 के शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र को भक्ति, आस्था और सामूहिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया।



कार्यक्रम में अखिल भारतीय रामनामी समाज की अध्यक्ष रामप्यारी रात्रे और सचिव गंगाराम निराला सहित बड़ी संख्या में समाजिक लोगो उपस्थिति रही। उनके साथ बड़ी संख्या में रामनामी समाज के अनुयायी, संतजन एवं रामनाम प्रेमी शामिल हुए। स्थानीय स्तर पर सरपंच अर्जुन मनहर कोसमकुंडा, खेमचंद संजय जैतपुर टेकराज भास्कर बलौदी, गोपाल पांडेय, जगेश्वर निराला, इस्माइल खान कांग्रेसी वरिष्ठ कार्यकर्ता और पंचायत सचिव फिलेश जांगड़े के साथ साथ हजारों की संख्या में आमजन की उपस्थिति ने आयोजन को जनआस्था का विराट रूप दे दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान राम राम के जयघोष और भजन कीर्तन की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भूमि पूजन के साथ ही संतों के स्वर और श्रद्धालुओं की भावनाएं एकाकार होती नजर आईं मानो कोसमकुंडा की धरती स्वयं आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठी हो। पदाधिकारियों के अनुसार यह भजन मेला जनवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश सहित देशभर से रामनामी समाज के अनुयायी जुटेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त